प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो के सीईओ को कारण बताओ नोटिस किया जारी, सरकार ने इंडिगो को यात्रियों को बिना किसी देरी के किरायों का लंबित भुगतान जारी करने का दिया निर्देश।
2. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो– एसीबी आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आज निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की पत्नी से उनके आवास पर कर रही है पूछताछ।
3. विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में होगी, सरकार को घेरने की बनेगी रणनीति।
4. झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाई, बिना विलंब शुल्क के 12 दिसंबर तक जमा कर सकेंगे आवेदन।
5. झारखड राज्य युवा आयोग ने रांची के सात जलप्रपातो को किया चिन्हित, नशापान और उसके दुष्प्रभावों पर 25 जनवरी तक चलेगा जागरूकता कार्यक्रम।

********************

सरकार ने विमानन कंपनी इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड आज रात 8 बजे तक पूरा हो जाना चाहिए। इंडिगो की उड़ानें बड़ी संख्या में रद्द किए जाने के बाद यह निर्देश जारी किया गया है। उड़ाने रद्द होने से देश भर के यात्रियों को परेशानी और असुविधा हुई है।

********************

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो –एसीबी आज निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से पूछताछ कर रही है। एसीबी के कई अधिकारी पूछताछ में शामिल हैं। पूछताछ विनय चौबे के आवास पर हो रही है। इससे पहले तीन दिसंबर को भी स्वप्ना संचिता से एसीबी की टीम ने उनके आवास पर जाकर पूछताछ की थी। एसीबी ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में स्वप्ना संचिता को भी आरोपी बनाया है।

********************

विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक आज बुलायी गयी है। बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय में शाम 7 बजे से होगी। इसकी अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे। बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति बनेगी। पार्टी ने हेमंत पार्ट–2 के एक वर्ष पूरे होने पर आरोप पत्र जारी किया था। इसमें विभिन्न मुद्दों पर सरकार की विफलता को दर्शाया गया है। इन्हीं मुद्दों को लेकर पार्टी के विधायक सदन में सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। इसके साथ ही लचर कानून व्यवस्था, रोजगार, भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया जायेगा।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कहा कि देश उन वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि सैनिकों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस लोगों की रक्षा करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है।

इधर राजयपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सर्तक रहकर देश की स्वतंत्रता एवं सम्प्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है।

********************

चतरा जिले की पुलिस ने वन विभाग के साथ मिलकर अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान शुरू किया है। पुलिस की चार टीम प्रत्येक दिन कुंदा, प्रतापपुर, लावालौंग, सदर और कान्हाचट्टी थाना क्षेत्र के जंगली इलाकों में ड्रोन से अफीम की खेती को चिन्हित कर रही है। पिछले दो दिनों में 12 एकड़ वन भूमि पर लगाए गए अफीम की खेती को नष्ट किया गया है।

********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षार्थी अब बिना विलंब शुल्क के 12 दिसंबर तक और विलंब शुल्क के साथ 13 से 19 दिसंबर तक आवेदन जमा कर सकेंगे। जैक द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार, बिना विलंब शुल्क के पांच दिसंबर तक व विलंब शुल्क के साथ आवेदन जमा करने तिथि 12 दिसंबर तक निर्धारित की गयी थी। राज्य में मैट्रिक, इंटर की परीक्षा तीन फरवरी से शुरू होगी।

********************

रांची के टीआरआई में राष्ट्रीय आदिवासी नीति को लेकर लंबे समय से देशभर के आदिवासी समुदाय के बुद्धिजीवियों के बीच मंथन हो रहा है। सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज एंड रिसर्च तथा अन्य संगठनों द्वारा आदिवासी नीति का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। सेंटर के प्रभाकर तिर्की ने बताया कि जल्द ही प्रारूप का प्रकाशन होगा, जिसके बाद इसे केंद्र सरकार को भेजा जायेगा।

********************

झारखंड राज्य युवा आयोग ने रांची के निकट सात जलप्रपातों को चिह्नित कर नशापान और उसके दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम सात दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा। अलग–अलग तिथियों में अलग–अलग संस्थाओं द्वारा आयोजन होगा। सीता फॉल, जोन्हा फॉल, हिरनी, पंचघाघ, रिमिक्स, दशम और हुंडरू फॉल में कार्यक्रम होंगे। आयोजन जलप्रपात के निकास या इंट्री प्वाइंट पर किया जाएगा।

********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 20 हजार पांच सौ रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 87 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

********************

रांची जिले में बढ़ती ठंड के बीच जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिले में आवश्यक स्थानों में अलाव की व्यापक व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

********************

रांची में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची नगर निगम सड़क पर रहनेवाले लोगों के लिए आश्रय गृह बना रहा है। रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि अल्बर्ट एक्का चौक के पास अस्थायी रूप से 50 बेड का आश्रय गृह होगा।

********************

बर्फीली हवाओ से झारखंड के कई जिले शीतलहर की चपेट में है। रांची सहित राज्य के 11 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे ठंडा क्षेत्र गुमला रहा। गुमला का न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस गिरकर 3 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं, रांची के मैक्लुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस और कांके का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज को रांची सहित राज्य के 10 जिलों रांची, रामगढ़, खूंटी, बोकारो, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है।

********************